# राष्ट्रीय युवा दिवस पर एनएसएस इकाई द्वारा एक–दिवसीय शिविर का आयोजन

विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक–दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना तथा समुदाय के लोगों में सामाजिक जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस गीत के साथ हुआ, जिसके पश्चात डा. संध्या रानी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा संबोधन दिया गया। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व तथा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर भाषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, योग एवं युवा सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर एवं नारे तैयार करना शामिल था। इसके पश्चात स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो महाविद्यालय परिसर से लेकर आस–पास के क्षेत्रों एवं चकफेरी कॉलोनी तक निकाली गई। रैली के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया गया। स्वयंसेवकों ने समुदाय के लोगों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में स्वस्थ एवं स्वच्छ आदते अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही एक प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया गया। कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज सेवा हेतु स्वयं को समर्पित करने तथा एनएसएस के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

**निदेशक संचार**